INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
Email: info@unicomadvertising.com
www.unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

यूनिक समय

डीएवीपी (केन्द्र सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त-134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
www.uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-237 | सांध्य दैनिक | मथुरा/आगरा संभाग, बुधवार, 21 अक्टूबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

बेटियों ने की मेला देखने की जिद, पिता ने छोड़ दिए सारे काम

यूनिक समय, मथुरा। बेटियों के लिए पिता का साथ और उनकी छोटी-छोटी खुशियां कितनी मायने रखती हैं, इसकी झलक मंगलवार को दशहरा मेले में देखने को मिली। शहर में महाविद्या स्थित रामलीला मैदान में रावण दहन देखने पहुंचीं बेटियों के चेहरों पर उत्साह था तो उनके साथ आए पिताओं के लिए उनकी खुशी ही सबसे बड़ा त्योहार थी। आधुनिकता के दौर में भी दशहरा मेले का यह अपनापन रिश्तों की गहराई बयां कर गया।

बालाजीपुरम निवासी रोहन की 23 साल की



बेटी दिव्यांशा नोएडा की एक निजी कंपनी में नौकरी करती हैं। दशहरा की छुट्टी पर घर लौटीं तो मन मेले की ओर खिंच गया। शाम होने से

नौकरी से घर लौटी दिव्यांशा हो या पढ़ रहीं दो बहनें

बेटियों की खुशी के आगे हार गए पिता

पहले ही पिता से मेला दिखाने की जिद करने लगीं। बेटी की इच्छा के आगे रोहन भी नहीं टिक सके। उसे महाविद्या मैदान ले गए, जहां राम-रावण युद्ध के बाद पुतला दहन हुआ। बेटी की खुशी में ही उन्हें अपनी खुशी नजर आई।

होलीगेट निवासी गोविंद अग्रवाल भी अपनी इंटरमीडिएट और स्नातक में पढ़ने वाली दोनों बेटियों को रावण दहन दिखाने पहुंचे। उनका कहना था कि बेटियां विवाह के बाद भले ही दूसरे घर चली जाएं, लेकिन पिता के दिल में उनकी जगह कभी नहीं बदलती। उनकी इच्छाएं पूरी करना और चेहरे पर मुस्कान देखना ही पिता के लिए सबसे बड़ा सुख है।

रामलीला मैदान में युवाओं और युवतियों की अच्छी मौजूदगी रही। बच्चों के साथ परिवार भी पहुंचे। रावण दहन के बीच इन पिता-बेटियों की मौजूदगी ने यह अहसास कराया कि समय और जीवनशैली बदल सकती है, लेकिन बेटियों के लिए पिता का स्नेह और त्योहारों से जुड़ी यादों की चाह कभी पुरानी नहीं होती। तीन बेटियों के पिता मोहन शर्मा कहते हैं कि शादी से पहले तक बेटी की चाह पूरी करना पिता का धर्म होता है। साथ ले जाने से बेटियां खुश होती हैं, उनको सुरक्षा भी मिलती है। दशहरा मेला के दौरान ऐसे कई लोग दिखे, जो अपनी छोटी बेटियों को कंधों पर बैठाकर पुतला दहन दिखाते रहे।

स्नातक-शिक्षक एमएलसी चुनाव की तैयारी तेज, 23 को मतदान



मतदान कार्मिक प्रशिक्षण में मौजूद डीएम चंद्रप्रकाश सिंह, सीडीओ डा. पूजा गुप्ता।

यूनिक समय, मथुरा। आगरा खंड स्नातक और आगरा खंड शिक्षक विधान परिषद चुनाव के लिए 23 अक्टूबर को जिले के 19 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। दोनों चुनाव के लिए 38 कक्ष बनाए गए हैं, जहां बैलेट पेपर से मतदान किया जाएगा। जिला प्रशासन ने दोनों चुनावों के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं।

स्नातक और शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए जिले में 19-19 पीठासीन अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, एक दल में पीठासीन अधिकारी समेत चार कार्मिक नियुक्त किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर स्नातक और शिक्षक के लिए अलग-अलग मतपेटिकाएं रखी जाएंगी। मतदान सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक बैलट पेपर से होगा। अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, जिले में स्नातक मतदाताओं की संख्या 10,669 है, जिसमें 7175 पुरुष और 3494 महिला मतदाता हैं। वहीं शिक्षक 6694 शिक्षक मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 4315 पुरुष और 2379 महिला शिक्षक शामिल हैं।

शिक्षक निर्वाचन के लिए बनाए गए 19 केंद्रों में छाता में 544, 317 मतदाता, कोसीकलां में 250, नंदगांव में 46, गोवर्धन में 315, नगर निगम मथुरा-वृन्दावन में 485, कृष्णा अग्रवाल इंटर कॉलेज मथुरा में 363, सुभाष इंटर कॉलेज में 89 व 196, राजकीय इंटर कॉलेज मथुरा में 562, 144, 170, क्षेत्र पंचायत मथुरा में 127, फरह में 308, बल्देव में 565, राया में 850, मांट में 497 और नौहझील में 574 और 292 शिक्षक मतदाता सूचीबद्ध हैं। प्रशासन ने सभी केंद्रों पर सुरक्षा और बैलट पेपर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

विधान परिषद चुनाव को मतदान कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

यूनिक समय, मथुरा। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए बुधवार को बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में मतदान कार्मिकों, माइक्रोऑब्जर्वरों, सेक्टर-जोनल मजिस्ट्रेटों और नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों का गंभीरता से अध्ययन करने और निष्पक्ष मतदान कराने के निर्देश दिए।

मतदान के लिए सात जोनल मजिस्ट्रेट, 17 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 41 माइक्रो ऑब्जर्वर और 42 मतदान

27 को होगी मतगणना

दलों के लगभग 168 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले में स्नातक के 10,669 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के 6,694 मतदाता हैं। दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में 19-19 मतदेय स्थल और 15-15 मतदान केंद्र हैं। मतदान 23 और मतगणना 27 अक्टूबर को होगी। प्रशिक्षण में सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता, एडीएम वित्त-राजस्व डॉ. पंकज कुमार वर्मा, एडीएम प्रशासन अमरेश कुमार, एडीएम नमामि गंगे नंद प्रकाश मौर्य, एडीएम न्यायिक वेद प्रिय आर्य और नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

23 को बंद रहेंगी शराब की दुकानें

यूनिक समय, मथुरा। उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन के मद्देनजर 23 अक्टूबर को जनपद में शराब और भांग की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। जिला मजिस्ट्रेट-लाइसेंसिंग प्राधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार, मतदान के दिन जिले की सभी आबकारी अनुज्ञापन दुकानें पूर्णतया बंद रहेंगी। यह निर्णय उत्तर प्रदेश शासन के आबकारी अनुभाग, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में लिया गया है। निर्धारित बंदी के लिए अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का प्रतिकर देय नहीं होगा।

कोसीकलां ऐतिहासिक भरतमिलाप मेला कल

यूनिक समय, कोसीकलां। उत्तर भारत के प्रमुख मेलों में शुमार ऐतिहासिक श्रीराम-भरतमिलाप मेला गुरुवार को कोसीकलां में आयोजित होगा। श्रीरामलीला संस्थान ने मेले की तैयारियां पूरी कर ली हैं। शाम छह बजे से शुरू होने वाले आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने पूरे नगर को तीन सेक्टरों में बांटकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। नगर के प्रवेश द्वारों पर 17 बैरियर लगाए गए हैं। मेले के दौरान दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।

मेले के दौरान नगर के प्रवेश मार्गों पर लगाए गए 17 बैरियरों से वाहनों को अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। शेरगढ़ और शाहपुर की ओर से आने वाले वाहनों को गोपालबाग पुलिस चौकी के पीछे खाली स्थान पर रोका जाएगा। नंदगांव की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग हिंदू इंटर कॉलेज में होगी। राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से आने वाले वाहनों को मंडी समिति में, ईदगाह की तरफ से आने वाले वाहनों को ईदगाह के सामने रोकने की व्यवस्था की गई है।

मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विशेष सतर्कता बरतेगी। लाठी-डंडे और हॉकी लेकर चलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। संकरी गलियों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर छेड़छाड़ जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सादा वर्दी में पुलिसकर्मी

कड़ी चौकसी में होगा आयोजन, सुरक्षा के लिए नगर तीन सेक्टरों में विभाजित

17 बैरियर पर रोकेंगे वाहन ड्रोन और सीसीटीवी से होगी निगरानी

छेड़छाड़ और अराजकता पर रहेगी नजर

तैनात रहेंगे। बाजारों और प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं। ऊंची इमारतों पर भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। ड्रोन कैमरों से मेले की निगरानी की जाएगी और वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

सुरक्षा व्यवस्था के लिए तीन सीओ, आठ एसएचओ, 45 उपनिरीक्षक, 250 कांस्टेबल और दर्जनों होमगार्ड तैनात किए जाएंगे। तीन महिला उपनिरीक्षक, 15 महिला कांस्टेबल, एक प्लाटून पीएसी, आठ यातायात उपनिरीक्षक, 20 यातायात कांस्टेबल, दो दमकल वाहन और आंसू गैस दस्ता भी व्यवस्था संभालेगा। भीड़ नियंत्रण, यातायात संचालन और महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। डीएम चंद्रप्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, एसपी देहात आलोक राज नारायण और एसडीएम अखिलेश कुमार मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे।

नवरात्र से दशहरा तक गूंजने वाले लोकगीतों पर लगा विराम

महंगाई की मार, गलियों से गायब हुआ टेसू

यूनिक समय, मथुरा। नवरात्र से दशहरा तक शाम ढलते ही गलियों में गूंजने वाले टेसू के लोकगीत अब सुनाई नहीं देते। कभी 'मेरा टेसू यही अड़ा' और 'टेसूरा-टेसूरा' के स्वर से गूंजने वाली गलियां अब सूनी हैं। टेसू और झांझी लेकर घर-घर पहुंचने वाले बच्चों की टोलियां भी नजर नहीं आतीं। महंगाई और बदलती जीवनशैली के बीच लोक संस्कृति से जुड़ी यह परंपरा धीरे-धीरे दम तोड़ रही है।

एक दशक पहले तक दशहरा के आसपास बच्चों की टोलियां शाम होते ही



टेसू और झांझी लेकर निकल पड़ती थीं। घरों के दरवाजों पर रुककर पारंपरिक गीत गातीं और बदले में नगदी या उपहार प्राप्त करती थीं। यह परंपरा बच्चों के मनोरंजन के साथ लोकगीतों और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का माध्यम भी

घरों तक सिमटी सदियों पुरानी परंपरा

थी। समय के साथ इस परंपरा का रंग फीका पड़ने लगा है। आधुनिकता के बढ़ते प्रभाव और बच्चों की बदलती रुचि के चलते अब टेसू लेकर गलियों में निकलने का चलन लगभग खत्म होता जा रहा है। बच्चों को भी अब इस परंपरा को निभाने में झिझक महसूस होती है।

हालांकि, कुछ घरों में बुजुर्ग आज भी शाम के समय टेसू और झांझी को दीपक से प्रज्वलित कर परंपरा निभाते हैं, लेकिन घरों के बाहर लगने वाली बच्चों की रौनक गायब है। कभी त्योहारों की पहचान रही यह लोक परंपरा अब घरों के भीतर सिमटकर रह गई है। समय रहते इसे सहेजने के प्रयास नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियां टेसू के लोकगीतों को केवल यादों में ही सुन पाएंगी। सदर बाजार के कृष्ण कुमार का मानना है कि शिक्षा और दिखावा होने की वजह से बच्चों को टेसू ले जाने में शर्म महसूस होती है। इसलिए इस रिवाज को अब घर में ही निभा रहे हैं।

मुकुट पूजन और शोभायात्रा के साथ कल शुरू होगी श्री बाल रामलीला

यूनिक समय, मथुरा। नगर की प्राचीन-पारंपरिक श्री बाल रामलीला का 128वां महोत्सव 22 अक्टूबर से शुरू होगा। कमेटी के प्रधानमंत्री योगेंद्र चतुर्वेदी एडवोकेट ने बताया कि सुबह 11 बजे श्रीराम वाटिका में गणेश पूजन, स्वरूपों और उनके मुकुट-श्रृंगार का पूजन होगा। शाम चार बजे श्रीराम वाटिका से गणेश पूजन शोभायात्रा नगर भ्रमण करेगी।

महोत्सव सात नवंबर तक चलेगा। सभापति विशनदयाल, प्रधानमंत्री योगेंद्र चतुर्वेदी, उपसभापति सुरेंद्र चौधरी, पंकज शर्मा, उपप्रधानमंत्री योगेश गोयल, विकास वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष संजय चौधरी, निरीक्षक गुड्डू अग्रवाल, संजय नदवई, सौरभ खंडेलवाल, सुमित सर्राफ और राजकुमार चतुर्वेदी ने धर्मप्रेमी जनता से शोभायात्रा में सहभागिता और सहयोग की अपील की है।

मंडी से फुटकर बाजार तक आते आते सब्जियों के दाम दोगुने

आलू-टमाटर से धनिया-मिर्च तक कीमतों में अंतर

रसोई का बजट बिगाड़ रहे फुटकर बाजार के दाम

यूनिक समय, मथुरा। सब्जियों के थोक भाव और फुटकर बाजार की कीमतों में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। थोक मंडी में कम कीमत पर मिलने वाली सब्जियां फुटकर दुकानों तक पहुंचते-पहुंचते महंगी हो रही हैं। आलू, टमाटर, प्याज से लेकर फूल गोभी, धनिया, हरी मिर्च और शिमला मिर्च तक के दाम में अंतर है। कई सब्जियों पर ग्राहकों को 10 से 20 रुपये प्रति किलो तक अतिरिक्त चुकाने पड़ रहे हैं।

इससे आम परिवारों की रसोई का बजट प्रभावित हो रहा है।



थोक और फुटकर बाजार में सब्जियों के भाव

सब्जी-	थोक भाव-	फुटकर भाव
आलू	13	20
टमाटर	20	30
प्याज	40	60
फूल गोभी	30	40
धनिया	50	100
हरी मिर्च	60	100
शिमला मिर्च	60	80

सब्जी कारोबारी विष्णु आढ़ती के अनुसार, मथुरा मंडी में बढ़िया आलू 13 रुपये किलो तक बिक रहा है। टमाटर का थोक भाव 20 रुपये किलो है, जबकि प्याज 40 रुपये किलो मिल रहा है। फूल गोभी के दाम 30 रुपये किलो हैं। धनिया 40 से 50 रुपये और हरी मिर्च 50 से 60 रुपये किलो बिक रही है। वहीं, शिमला मिर्च का थोक भाव 60 रुपये किलो तक है।

रोजमर्रा की खरीदारी पर पड़ रहा असर

थोक और फुटकर भाव में अंतर का असर खासकर उन परिवारों पर पड़ रहा है, जो सीमित बजट में रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करते हैं। प्याज, धनिया, मिर्च और शिमला मिर्च जैसी सब्जियों के दाम में अंतर साफ नजर आता है। मंडी में सस्ती मिलने वाली सब्जियों के फुटकर बाजार में महंगे होने से ग्राहकों को खरीदारी से पहले अलग-अलग दुकानों पर भाव पूछने पड़ रहे हैं। हालांकि फुटकर कीमतों में अंतर के पीछे परिवहन, छंटाई, खराब होने का जोखिम और दुकानदारों का खर्च भी कारण हो सकते हैं, लेकिन ग्राहकों के लिए बढ़े हुए दाम घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ बन रहे हैं।

फुटकर दुकानों पर बढ़ जाते हैं दाम

थोक मंडी के मुकाबले फुटकर बाजार में ग्राहकों को सब्जियों के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। फुटकर दुकानों पर आलू करीब 20 रुपये किलो, टमाटर 25 से 30 रुपये और प्याज 50 से 60 रुपये किलो बिक रहा है। फूल गोभी के लिए 40 से 50 रुपये किलो खर्च करने पड़ रहे हैं। धनिया 50 से 60 रुपये, हरी मिर्च 60 से 70 रुपये और शिमला मिर्च 70 से 80 रुपये किलो तक मिल रही है। इस अंतर के चलते कम मात्रा में सब्जियां खरीदने वाले परिवारों का खर्च भी बढ़ रहा है।



सूचना बोर्ड बेअसर, बांके बिहारी मंदिर में ठाकुरजी पर फेंक रहे प्रसाद



बुधवार को बांकेबिहारी मंदिर में माला फेंकता श्रद्धालु।

प्रतिबंध और कार्रवाई की चेतावनी के बावजूद नियमों की अनदेखी फूल-माला भी उछाल रहे श्रद्धालु

यूनिक समय, वृंदावन। ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की मनमानी पर सूचना बोर्ड भी बेअसर साबित हो रहा है। मंदिर प्रबंधन की ओर से ठाकुरजी पर प्रसाद, मिठाई, पेड़ा और फूल-माला फेंककर चढ़ाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद श्रद्धालु कतारों में खड़े होकर सामग्री ठाकुरजी की ओर उछाल रहे हैं। इससे मंदिर की व्यवस्था और निर्धारित नियमों के पालन पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

मंदिर के अंदर हाई पावर मैनेजमेंट कमेटी की ओर से सूचना बोर्ड लगाया गया है। इस पर निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी श्रद्धालु ठाकुरजी के ऊपर प्रसाद, मिठाई, पेड़ा या अन्य सामग्री फेंककर न चढ़ाए। बोर्ड पर नियम का उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। इसके बावजूद श्रद्धालुओं द्वारा इन निर्देशों की अनदेखी किए जाने का सिलसिला जारी है। बांके बिहारी मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने आराध्य के दर्शन करने पहुंचते हैं। भक्तों की इच्छा ठाकुरजी को प्रसाद और फूल अर्पित करने की होती है, लेकिन भक्ति के उत्साह में निर्धारित मर्यादा और नियमों की अनदेखी उचित नहीं है। सामग्री फेंककर चढ़ाने से मंदिर की व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका भी रहती है।

निर्देशों का पालन जरूरी

मंदिर में सूचना बोर्ड लगाए जाने के बावजूद नियमों का उल्लंघन होना प्रबंधन के निर्देशों के प्रभावी पालन पर सवाल उठाता है। नियमों का पालन कराने के लिए मंदिर प्रबंधन की प्रभावी निगरानी भी जरूरी है, ताकि श्रद्धालुओं को सुचारु दर्शन मिल सकें और ठाकुरजी की सेवा-पूजा की मर्यादा बनी रहे। पानीपत से आए श्रद्धालु सुखवीर का कहना था कि हाई पावर मैनेजमेंट कमेटी को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिससे श्रद्धालु की माला और प्रसाद आराध्य तक पहुंचे।

माधवी एग्जीबिशन का दिवाली मेला संपन्न, खरीदारी को उमड़ी भीड़



दिवाली मेला का शुभारंभ करतीं डॉ. नेहा गर्ग।

यूनिक समय, मथुरा। माधवी एग्जीबिशन की ओर से बुधवार को नेशनल चैंबर, सरस्वती कुंड, मसानी में आयोजित दिवाली मेला उत्साह और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। दीपावली के त्योहार को ध्यान में रखकर आयोजित मेले में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और खरीदारी के साथ उत्सवी माहौल का आनंद लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नवजात शिशु-बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रितेन गोयल और दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा गर्ग ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मेले में त्योहार की रौनक देखने को मिली। आयोजन का उद्देश्य लोगों को दीपावली पर खरीदारी के साथ मेल-मिलाप और उत्सव का विशेष अवसर उपलब्ध कराना रहा। आयोजक कल्पना आढ़तिया और महिमा अग्रवाल (प्रेस वाली) ने कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी लोगों, उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक मेल-मिलाप को बढ़ावा देने के साथ त्योहारों की खुशियां साझा करने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में पुष्पा अग्रवाल (प्रेस वाली) सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

जेपी नड्डा से मिले अंकित बंसल मथुरा की स्वास्थ्य सुविधाओं पर चर्चा

यूनिक समय, मथुरा। युवा उद्यमी-लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष अंकित बंसल (बंसल फूड्स) ने नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात कर मथुरा की स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा की। उन्होंने ब्रजवासियों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई और केंद्रीय मंत्री को मथुरा आगमन का आमंत्रण दिया।

अंकित बंसल ने कहा कि मथुरा धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र है। यहां स्थानीय नागरिकों के साथ देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में सरकारी अस्पतालों के आधुनिकीकरण, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता, अत्याधुनिक उपकरणों और आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने गंभीर बीमारियों के बेहतर उपचार की व्यवस्था विकसित करने पर जोर देते हुए कहा कि ब्रज के लोगों को इलाज के लिए दिल्ली और आगरा जैसे शहरों की ओर न जाना पड़े, इसके लिए मथुरा में ही उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार होना चाहिए।



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को स्मृति चिन्ह देते अंकित बंसल।

वांछित गिरफ्तार

यूनिक समय, मथुरा। महावन पुलिस ने एक वांछित चल रहे अभियुक्त अशोक कुमार उर्फ असोक कुमार निवासी निवासी हयातपुर (गढ़ी मनोहरपुर) को सेंट जौसिफ स्कूल के पास हयातपुर से गिरफ्तार किया है।

महिला अस्पताल में मरीज बेहिसाब,बाल रोग विशेषज्ञ नदारद

महिलाएं-बच्चे पहुंच रहे अस्पताल, डॉक्टरों की कमी से जूझ रहीं स्वास्थ्य सेवाएं

यूनिक समय, मथुरा। जिला महिला चिकित्सालय में मरीजों की भीड़ बढ़ रही है, लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी इलाज की व्यवस्था पर भारी पड़ रही है। हर माह हजारों महिलाएं और छोटे बच्चे उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इसके बावजूद बाल रोग विशेषज्ञों की कमी के चलते बच्चों के इलाज की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सकों के सहारे मरीजों का उपचार किया जा रहा है।



जिला महिला चिकित्सालय में बच्चों के डॉक्टर की खाली पड़ी कुर्सी।



अपनी बारी के इंतजार में लाइन में खड़ी महिलाएं।

महिला चिकित्सालय में हर माह करीब 6400 महिलाएं और 1600 छोटे बच्चे उपचार के लिए पहुंचते हैं। रोजाना औसतन 244 महिलाएं और 61 बच्चे ओपीडी में चिकित्सकों को दिखाते हैं। इनमें नए मरीजों के साथ पुराने पर्चे पर परामर्श लेने वाले भी शामिल हैं। अगस्त में 8074 महिलाओं और बच्चों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया, जबकि सितंबर में यह संख्या करीब 7799 रही। मरीजों की संख्या के मुकाबले विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी चिंता बढ़ा रही है।

बीमार बच्चों को लेकर अस्पताल पहुंचने वाले अभिभावकों को उपलब्ध डॉक्टरों से ही उपचार कराना पड़ रहा है। विशेषज्ञों की तैनाती होने से मरीजों को बेहतर और समय पर इलाज मिलने की उम्मीद है।

महिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. अनिल कुमार पुरवानी ने बताया कि अस्पताल में महिलाओं और बच्चों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है। इसके बावजूद अन्य चिकित्सकों के माध्यम से मरीजों का उपचार कराया जा रहा है।

चरणाश्रम में 501 कन्याओं का पूजन, दक्षिणा और उपहार बांटे

कन्या पूजन से दिया नारी सम्मान और सेवा का संदेश

यूनिक समय, वृंदावन। नवरात्र पर केसी घाट स्थित चरणाश्रम में कन्या पूजन आयोजित किया गया। महामंडलेश्वर डॉ. सत्यानंद सरस्वती अधिकारी गुरु के आध्यात्मिक मार्गदर्शन में 501 कन्याओं का विधि-विधान से चरण पूजन कर उन्हें भोज प्रसाद कराया गया। इसके बाद दक्षिणा-उपहार भेंट किए गए।

महामंडलेश्वर डॉ. सत्यानंद सरस्वती अधिकारी गुरु ने कहा कि नवरात्र के नौ दिन मां दुर्गा की आराधना- आध्यात्मिक साधना और सेवा के लिए विशेष महत्व रखते हैं। कन्या पूजन नारी शक्ति के सम्मान और मां भगवती के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान चरणाश्रम परिसर भक्तिमय रहा। इस अवसर पर मुरली अग्रवाल, दीना पंडित, संजू अग्रवाल, कान्हा गुप्ता, सुरेंद्र सिंह यादव, कन्हैया लाल पांडे, डॉ. शिल्पी पाठक सहित चरणाश्रम परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

यमुना एक्सप्रेस-वे पर तीन सफेद हाथी टकराए,तीन चालक घायल

यूनिक समय, नौहझील। यमुना एक्सप्रेसवे पर नौहझील क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में तीन चालक घायल हो गए। पहले हादसे में ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रहा टाटा मैजिक उसमें जा घुसा। वहीं, दूसरे हादसे में सड़क किनारे खड़े टाटा मैजिक को तेज गति से आ रहे दूसरे मैजिक ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया।

ट्रक में पीछे से घुसा टाटा मैजिक, खड़े वाहन को दूसरे मैजिक ने मारी टक्कर

नौहझील क्षेत्र में अलग अलग हादसे, पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया

जानकारी के अनुसार, पहला हादसा बुधवार सुबह करीब 4:50 बजे माइलस्टोन संख्या 69.580 के समीप हुआ। आगरा से नोएडा की ओर जा रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इसी दौरान पीछे से आ रहा छोटा हाथी (टाटा मैजिक) चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक से टकरा गया। हादसे में महोबा निवासी चालक मुकुल राना गंभीर घायल हो गया। राहत की बात रही कि मैजिक में सवार अन्य तीन लोगों को चोट नहीं आई। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया।

दूसरा हादसा सुबह करीब 6:30 बजे माइलस्टोन संख्या 73 के समीप हुआ। यहां खड़े एक छोटे हाथी में तेज गति से आ रहे दूसरे छोटे हाथी ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों वाहनों के चालक घायल हो गए। घायलों की पहचान थाना रसूलपुर क्षेत्र के ग्राम आसफाबाद निवासी सौरभ और उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के ग्राम चकोटिया निवासी सूरज के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।



शराब की दुकानों के आसपास महिलाओं का निकलना दूभर


गांव में शराब ठेके को बंद कराने की मांग को लेकर डीएम कार्यालय पर बैठीं महिलाएं।

यूनिक समय, मथुरा। ग्राम पंचायत थोक ज्ञान सौनई में शराब की दुकानों के आसपास शराबियों के जमावड़े से ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्राम पंचायत की ओर से जिला प्रशासन को शिकायत भेजकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की गई है।

बुधवार को डीएम से मिलने आई दर्जनों महिलाओं ने बताया कि गांव में संचालित शराब की दुकानों के आसपास लोग शराब पीते हैं। इससे विद्यालय आने-जाने वाली छात्राओं और शिक्षिकाओं को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण महिलाओं का आरोप है कि विरोध करने पर शराब पीने वाले लोग अभद्र व्यवहार करते हैं। इससे क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

शिकायत में 14 अक्टूबर की घटना का भी उल्लेख किया गया है। आरोप है कि शराब के नशे में कुछ

ग्राम पंचायत थोक ज्ञान सौनई में अवैध गतिविधियों और शराबियों के जमावड़े से ग्रामीण परेशान

लोगों ने एक महिला के साथ मारपीट की, जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी घटनाओं से महिलाओं में भय बना हुआ है। समस्या के विरोध में 18 अक्टूबर को ग्रामीणों और महिलाओं ने हंगामा कर कार्रवाई की मांग की थी। अधिकारियों के आश्व ासन के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ है। ग्राम पंचायत की प्रधान अनीता देवी ने जिला प्रशासन से शराब की दुकानों के आसपास होने वाली गतिविधियों पर रोक लगाने, नियमित निगरानी कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो वाहन टकराए, चालक की मौत

यूनिक समय,मथुरा। दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर छाता थाने से करीब दो किलो मीटर आगे ओवरटेक करने के प्रयास में कंटेनर को ट्रक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में कंटेनर चालक की मौके पर मौत हो गई। वहीं, इसी मार्ग पर जैंत के समीप सड़क पार करते एक युवक को किसी अज्ञात वाहन ने रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

बताया गया कि गौपाल (28) पुत्र भूमि राम निवासी मुरेसर थाना कामां जिला डीग राजस्थान कंटेनर चलाता था। बीती रात मथुरा में माल को खाली करने के बाद वह कंटेनर को लेकर कोसी की ओर जा रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर छाता थाने से करीब दो किलो मीटर आगे बीती रात पौने दो बजे पीछे से आते ट्रक के चालक ने कंटेनर को ओवर टेक किया। ओवरेटक करने के दौरान ट्रक की कंटेनर में जोरदर टक्कर लग गई। दुर्घटना में चालक गोपाल की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना का पता लगने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त वाहन को सड़क से

जैंत के समीप सड़क पार करते युवक की दुर्घटना में मौत

हटवाया। इसके साथ ही पुलिस ने गोपाल के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी दुर्घटना भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर जैंत के समीप हुई। बताया गया कि बीती रात करीब नौ बजे युवक राजू (31) पुत्र सुरेश जैंत के एक स्कूल में काम करता था। रात को वह किसी काम से जैंत के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग को पार कर दूसरी ओर जा रहा था। सड़क पास करने के दौरान तेज गति से आते किसी वाहन ने उसे रौंद दिया। दुर्घटना करने के बाद चालक वाहन को भगा ले गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजू के परिवार को लोगों को उसकी मौत का पता लगा तो उनमें कोहराम मच गया।

किडनी-लीवर निकाल कर बच्चे की हत्या का आरोप

यूनिक समय, मथुरा। बरसाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपने बेटे कृष्णा की हत्या कर अंग निकालने का आरोप लगाते हुए डीएम से मामले की सीबीआई या अन्य उच्चस्तरीय एजेंसी से जांच कराने की मांग की है। पीड़ित ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। डीएम ने एसएसपी को मामले की जांच को कहा है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, 23 सितंबर को उसका बेटा कृष्णा गांव के मेले में गया था। आरोप है कि इसके बाद वह लापता हो गया। परिजनों ने उसी दिन गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित का दावा है कि बाद में बच्चे का शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। उसका आधा शरीर बरामद हुआ, जबकि

बरसाना क्षेत्र का है मामला, डीएम से उच्चस्तरीय जांच की मांग

किडनी, लीवर सहित अन्य अंग गायब थे। पीड़ित ने एक नाबालिग सहित कई लोगों के नाम बताते हुए आरोप लगाया कि मामले में संदिग्धों को हिरासत में लेने के बाद छोड़ दिया गया।

उसने घटनास्थल से बरामद कपड़ों को लेकर भी पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। प्रार्थना पत्र में मामले को अंग तस्करी से जोड़ने की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

शहीद स्मारक स्थल पर अधिकारियों ने शहीदों को अर्पित किए पुष्पचक्र

यूनिक समय, मथुरा। बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक स्थल पर पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। एसएसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने शहीद स्मारक स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित कर शीहदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। रिजर्व पुलिस लाइन में शहीद दिवस पर एसएसपी श्लोक कुमार ने आंतरिक सुरक्षा और कर्तव्य पथ पर अपने प्राणो की आहूति देने वाले अमर शहीदों को भावभीन श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ अधिकारियों ने भी शहीद स्मारक स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित कर आंतरिक सुरक्षा और कर्तव्य पथ पर अपने प्राणों को नौछावर करने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों ने मौन रखकर सभी वीर बलिदानियों की शहादत को नमन किया।

विधान परिषद निर्वाचन को लेकर एसएसपी-डीएम ने की बैठक

यूनिक समय, मथुरा। पुलिस लाइन में आज उत्तर प्रदेश विधान परिषद निर्वाचन 2026 को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी मथुरा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद निर्वाचन-2026 की निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न कराने के उ द्देश्य से दोनों शीर्ष अधिकारियों ने बैठक में उपस्थित सभी संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को चुनाव से सबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

दो चोर गिरफ्तार, चार बाइक एक स्कूटी बरामद



यूनिक समय, मथुरा। रिफाइनरी पुलिस और एंटी रिवार्डेड टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है।

रिफाइनरी पुलिस और एंटी रिवार्डेड टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर अगनपुरा के जंगल में जाने वाले रास्ते पर छापे मारी की। पुलिस ने वहां से अभियुक्त शौकीन निवासी हाथिया थाना बरसाना और देवेंद्र उर्फ देवा निवासी छड़गांव थाना रिफाइनरी को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चार मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की हैं।

यूनिक समय

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

कार्यालय:- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक-पवन गौतम

फोन नंबर-0565-3550761

मो. 9837155888

E-mail : uniquesamaynews@gmail.com

website : uniquesamay.com

RNI-UPHIN/2023/85053

DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।




कोसीकलां के ऐतिहासिक
श्री राम भरत-मिलाप मेला
की हार्दिक शुभकामनाएं


ओमप्रकाश गुप्ता
9897121908
9870650159
मुरारीलाल जाबिया
9528219005
माँ भगवती प्रोपट्रीज
मकान, दुकान व खेत व हर प्रकार की
जमीन खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
ऑफिस : गुप्ता फोटो स्टूडियो के सामने
बासईया मार्केट, कोसीकलाँ (मथुरा)


श्रीराम भरतमिलाप मेला
की आप सभी शहरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
नेहा मल्होत्रा
प्रधानाध्यापिका
प्राथमिक विद्यालय
जवाहर पार्क, कोसीकलाँ
जनपद मथुरा


समस्त नगरवासियों को
श्रीराम भरत मिलाप मेला
हार्दिक शुभकामनाएं
PRAGATI PRATHAM
KOSI INDANE
निकट शर्मा हॉस्पीटल
एन.एच-19, कोसीकलाँ
(Indiane Distributors)
Working Hours : 9.00 A.M. to 5.30 P.M.
Smell Gas ? Put off all Flames, Closs cylinder Value &
bumer knobs, Open doors & Windoes Prevenjt Gas Leekage,
Keep Cylinder upright, Check number lube regularly


श्रीराम भरत मिलाप मेला
शुभ दीपावली
गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज
हार्दिक शुभकामनाएं
नवीन जैन
(एल.आई.सी. वाले)
प्रवीन जैन
रायल पैलेस गेस्ट हाऊस
बाईपास, कोसीकलाँ (मथुरा)


समस्त नगरवासियों को
श्रीराम भरत मिलाप मेला
शुभ दीपावली
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
दयाशंकर अग्रवाल
घी वाले
पूर्व नगर अध्यक्ष : भाजपा, कोसीकलाँ
Mob. 9634580002
पूर्व कोषाध्यक्ष : कोसीकलाँ अग्रवाल सभा


कोसीकलां के ऐतिहासिक मेला
श्रीराम-भरतमिलाप
की हार्दिक शुभकामनाएं
पं. रामदेव भारद्वाज
(निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष)
अखिल भारतीय मैथिल ब्राह्मण महासभा
9917134396
पं. भारत शर्मा
मीडिया प्रभारी
भाजपा मंडल कोसीकलां
8869040905


श्रीराम भरत मिलाप मेला
शुभ दीपावली
की आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
चौ. जगपाल सिंह
पूर्व चेयरमैन
नगर पंचायत छाता
चौ. जशवन्त सिंह
प्रमुख समाज सेवी
श्री बालाजी एसोसिएट्स एण्ड प्रोपट्री कन्सलटेंट
निकट कोतवाली, बरसाना चौराहा, छाता (मथुरा)


श्रीराम भरत मिलाप मेला
शुभ दीपावली
की आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
जिन्दल पाइप
एण्ड
हार्डवेयर
यश जिन्दल
हमारे यहाँ पर UPVC पाइप, CPVC पाइप
नल फिटिंग सामान, वाशवेसन, बाथरूम सीट
आदि सामान उचित रेट पर मिलता है।
लिंक रोड, नियर बस स्टैण्ड, कोसीकलाँ (मथुरा)


श्रीराम भरत मिलाप मेला
शुभ दीपावली
गोवर्धन पूजा
भाईदूज
की
हार्दिक शुभकामनाएं
राजू जायसवाल
ब्रज प्रदेश अध्यक्ष
राष्ट्रवादी सहस्त्रबाहु मंच
निवास :-
आर्य नगर, कोसीकलाँ



आंसू बनकर बहेगा भ्रात प्रेम, कंधों पर चलकर आएंगे राम

यूनिक समय, कोसीकलां। गुरुवार को कोसीकलां में रामायण के पन्ने नहीं, बल्कि भ्रात प्रेम की अमर गाथा साकार होगी। वह भावुक क्षण आएगा, जब भगवान श्रीराम और भरत के मिलन को देखकर लाखों आंखें नम हो उठेंगी। 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौट रहे प्रभु श्रीराम और उनके वियोग में पल-पल तड़पते भरत के मिलन का साक्षी बनने के लिए कोसीकलां में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने की संभावना है। यहां यह आयोजन केवल धार्मिक मेला नहीं, बल्कि त्याग, समर्पण और भाईचारे की ऐसी परंपरा है, जो पीढ़ियों से लोगों की आस्था का केंद्र बनी हुई है।


सोनू गोयल


हसीन रौनक

14 वर्ष के विरह के बाद राम भरत मिलाप का साक्षी बनेगा कोसीकलां

मानव कंधों से बनेगी आस्था की पगडंडी, रात 11 बजे चारों भाइयों का मिलन देख भावुक होंगे भक्त

इस ऐतिहासिक मिलन की सबसे अनूठी परंपरा मानव कंधों से बनने वाली आस्था की पगडंडी है। हजारों श्रद्धालु कंधे से कंधा मिलाकर ऐसा मार्ग बनाते हैं, जिस पर चलकर प्रभु श्रीराम अपने प्रिय भाई भरत से मिलते हैं। इंसानों के कंधों पर तैयार होने वाला यह रास्ता भाई के प्रति भाई के प्रेम, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक बन जाता है। मानो पूरा नगर अपने आराध्य से कह रहा हो-आइए राम, हमारे कंधों पर चलकर अपने भाई से मिलिए। श्रीरामलीला संस्थान ने भरतमिलाप की तैयारियां पूरी कर ली हैं।

शाम करीब छह बजे थाना रोड स्थित लाला ग्यालाल स्मृति भवन से भगवान श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण भव्य पुष्पक विमान पर सवार होकर अयोध्या स्वरूप सजाए गए भरतमिलाप चौक के लिए प्रस्थान करेंगे। मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालु हाथों में फूल लेकर प्रभु के स्वागत के लिए खड़े रहेंगे। पुष्पक विमान की झलक मिलते ही जय श्रीराम के जयकारे गूंजेंगे और पुष्पवर्षा के बीच रंग-बिरंगी आतिशबाजी से आसमान जगमगा उठेगा। रात करीब 11 बजे वह भावुक पल आने की संभावना है, जिसका श्रद्धालुओं को बेसब्री से इंतजार रहता है। भगवान श्रीराम और भरत के साथ लक्ष्मण और शत्रुघ्न का मिलन होगा। चारों भाइयों का एक-दूसरे से गले मिलना त्याग और प्रेम की उस भावना को जीवंत करेगा, जिसके लिए रामायण सदियों से भारतीय जनमानस में विशेष स्थान रखती है। इस दृश्य को देखकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो उठेंगी और पूरा वातावरण जयकारों से गूंजेगा।

कंधों से लिखा जाएगा प्रेम का इतिहास

कोसीकलां के भरतमिलाप की पहचान मानव कंधों से बनने वाली आस्था की पगडंडी है। इस परंपरा में श्रद्धालु अपने कंधे जोड़कर प्रभु श्रीराम के आगमन का मार्ग तैयार करते हैं। यह दृश्य बताता है कि आस्था केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं, बल्कि सामूहिक सहयोग और समर्पण में भी प्रकट होती है। श्रद्धालुओं के लिए यह मार्ग केवल रास्ता नहीं, बल्कि भाई के प्रति भाई के प्रेम और त्याग का जीवंत प्रतीक है।
















कोसीकलां के ऐतिहासिक
श्री राम भरत-मिलाप मेला
की हार्दिक शुभकामनाएं


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्रीराम भरत मिलाप मेला
शुभ दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
तरुण कुमार सेठ
पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, छाता
वरिष्ठ भाजपा नेता, मथुरा
किसान-मजदूर-व्यापारी
गरीब-असहाय, पीडितों की
सेवा में सदैव तत्पर
सीमा रानी गर्ग
अध्यक्ष महिला मोर्चा, मंडल कोसीकलाँ


समस्त नगरवासियों को
श्रीराम भरत मिलाप मेला
दीपावली
हार्दिक की शुभकामनाएं
इन्जी. नरेन्द्र कुमार
पूर्व चेयरमैन
नगर पालिका परिषद्, कोसीकलाँ
श्रीमती सुशीला देवी
(मदर होम निर्देशिका)


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्रीराम भरत मिलाप मेला
शुभ दीपावली
गोवर्धन पूजा, भैया दूज
की
हार्दिक शुभकामनाएं
ठाकुर दिनेश 'प्रधान'
मण्डल महामंत्री : शहीद हेमराज मण्डल भाजपा
डा. अमरसिंह पौनिया
बृजक्षेत्र उपाध्यक्ष - भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्रीराम भरतमिलाप मेला
एवं
शुभ दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
स्व. श्री किशोरी श्याम शर्मा
पूर्व विधायक, छाता
पं. देवेन्द्र शर्मा
81 छाता विधान सभा


श्रीराम भरत मिलाप मेला
शुभ दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
जुगलकिशोर अमितकुमार सर्राफ
शुद्ध सोने व चाँदी के फैंसी आधुनिक एवं
नवीनतम् आभूषण के निर्माता एवं विक्रेता
सर्राफा बाजार, कोसीकलाँ
ला. जुगलकिशोर अग्रवाल
अमितकुमार (मौना सर्राफ)


हरी मारबल एण्ड मकराना स्टोर
की ओर से समस्त नगरवासियों को
श्रीराम भरत मिलाप मेला
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
ऑथराइज्ड डीलर : ओरियन्ट टाइल्स जेके
सीमेंट टाईल, मैक्स कैमीकल, सेरा सेनेटरी
ग्रेनाईट पत्थर, मारबल, टाइल्स, कोटा, विप्स
बॉथरूम फिटिंग एवं बिल्डिंग मैटेरियल विक्रेता
पता- अग्रसेन नगर, मवस्सल पेच, कोसीकलाँ


कोसीकलां के ऐतिहासिक
श्री राम भरत-मिलाप मेला
की हार्दिक शुभकामनाएं


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्रीराम भरत मिलाप मेला
शुभ दीपावली
गोवर्धन पूजा, भैया दूज
की
हार्दिक शुभकामनाऐं
भोलू 'प्रधान'
गाँव नवीपुर, तह० छाता (मथुरा)


SETH S.R. PUBLIC SCHOOL
100% Result in 10th & 12th CBSE Board Exam.
CLASS PLAY TO 12th (CBSE)
Near Old City Power House, Kosi Kalan
Kanhayialal Goyal
Nitin Goyal
Manager
Rashmi Goyal
Principal


समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों को
श्रीराम भरत मिलाप मेला
शुभ दीपावली
गोवर्धन पूजा, भैया दूज की
हार्दिक शुभकामनाऐं
पं. शोभाराम शर्मा
भाजपा कार्यकर्ता, ब्लॉक प्रमुख चौमुहाँ
81 छाता विधानसभा, मथुरा


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्रीराम
भरतमिलाप मेला
दीपावली, गोवर्धन पूजा की
हार्दिक शुभकामनाऐं
सौरभ जैन
मण्डल अध्यक्ष :
भारतीय जनता पार्टी कोसीकलाँ
M. 9410087000, 9457417941
दीपक बड़गूजर खटीक
पूर्व सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी : भाजपा युवा मोर्चा (उ.प्र.)
प्रदेश उपाध्यक्ष : अखिल भारतीय खटीक समाज (उ.प्र.)
M. 9456221000, 9760083500


आप सभी क्षेत्रवासियों को
श्रीराम भरत मिलाप मेला की
हार्दिक शुभकामनाऐं
बजरंग विद्या मंदिर कोड- 051537
सीनियर सैकेण्डरी स्कूल
कमला नगर, बाईपास, कोसीकलाँ
E-mail : b.v.mschool@gmail.com
प्रवेश प्रारम्भ 2027-28
अंग्रेजी माध्यम –
के.जी. से 12वीं तक एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यक्रम
लोकेन्द्र पाराशर
प्रबन्धक
Mob. 9411021776


श्रीराम भरतमिलाप मेले की
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाऐं
मेले को शांति व्यवस्था के साथ सम्पन्न
कराने में पुलिस का सहयोग करें।
सदैव आपकी सुरक्षा में तत्पर उत्तर प्रदेश पुलिस
श्लोक कुमार
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जनपद मथुरा
उत्तम चौहान
कोटवन चौकी
इंचार्ज, कोसीकलाँ



भरतमिलाप को लेकर कोसीकलां में उत्साह

यूनिक समय, कोसीकलां। भरतमिलाप मेले को लेकर पूरे नगर में उत्साह का माहौल है। दूर-दराज से रिश्तेदारों और परिचितों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। नगर के प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ने की संभावना है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रवेश मार्गों पर बैरिकेडिंग और यातायात व्यवस्था की जा रही है। धार्मिक आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए पुलिस सतर्क है।















कोसीकलां के ऐतिहासिक
श्री राम भरत-मिलाप मेला
की हार्दिक शुभकामनाएं


Ph.:
BEHROR : 9654407070 | 9718507070
KOTWAN : 7055777773 | 8330000070
DEHRADUN : 9690118111 | 9690117111
SINCE : 1971
ASLI PAPPU DHABA®
BRANCHES:
• KOSI KALAN • KOTWAN • BEHROR • DEHRADUN
KOTWAN
DEHRADUN
ABOUTUS
From a small Tea stall in 1971, SARDAR INDERJEET SINGH (Pappu) started his venture near old bupass of kosi. Through his hard work and dedication SARDAR INDERJEET SINGH built a tea stall into PAPPU DHABA which was then a quiet well known dhaba of its time. It served the best authentic Indian food till the 1984 riots which lead to the destruction of the dhaba. It was an unprecedented loss of SARDAR INDERJEET SINGH and his family. With all the struggle, hardwork, and support SARDAR INDERJEET SINGH afresh from the scratch started a restaurant this time naming it ASLI PAPPU DHABA in 1988 near bathram gate - NH2 Kosi Kalan. His attempt to make a new & better restaurant was completed with the help of his sons - GURDEEP SINGH and KULVEER SINGH. Altogether focused on their previous Authentic Indian cuisine with all the flavors & spices paying close attention to quality ingredients and sophisticatedASLI PAPPU DHABA as it is famously known today is well known for its speciality in Parontha (Paranthas) cooked in Asli desi Ghee giving a pure punjabi cuisine, which is usually relished by people of all communities. It offers a vast variety of delectable and exotic vegetarian dishes that are prepared with varied traditional culinary styles, particullally the tandoori style. The exotic and appetizing tandoor items and various other mouth-watering and finger licking dishes having rich, spicy and buttery flavor savored with Punjabi Basmati rice of varied form and special Punjabi breads like Tandoori Roti and Naarhave not only made the gastronomisti re gastronomists crave for more but has also penetced the cuisine much fome outside the Kosi region taking its name to places. They say that you can't buy happiness. But you can buy a cup of tea. And that's almost the same thing as we cater u with the chai in kulhar (a traditional terracotta cup). For all the tea lovers it is an out of the world experience having = Kulhar chai Focusing on the goals of Quality, Healthy, and Tradition & with our dhaba family hard work and dedication so that we can spread around the idea of delicious and authentic traditional Indian food with pride in the faces of our satisfied customers leaving the restaurant after having taken respite from their busy lives to truly enjoy a traditional meal reminding them of our cultural heritage. in order to bettei tetor sevr customers we opened our second location at Kotwan U P border in 2018. With immense variety of Indian food also adding a variety of now chinese, continental, south Indian cuisine and with a lot now added to its menu honoring its customer with the best, most delicious, impeccable food, outstending customer service, and a delightful experience possible.
Main Branch
Asli Pappu Dhaba Opposite CNG Pump Near
Kotwan Police Chowki Kosi Kalan Mathura (U.P.)


भरत मिलाप मेला
एवं शुभ दीपावली
की
हार्दिक शुभकामनाएं
नशे से मुक्ति जीने की आसान राहें !
संस्कार घर
रजि.
नशा मुक्ति एवं
पुनर्वास केन्द्र
सुरेन्दर बैसला
पता : परमानंद गार्डन, कुल्लामल पैट्रोल पम्प के सामने
नेशनल हाईवे, कोसीकलाँ, जिला मथुरा
M. 9213288008, 9213689886


समस्त क्षेत्रवासियों को
भरत मिलाप मेला एवं
शुभ दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र प्रताप सिंह
(R.P. Singh)
जिला पंचायत सदस्य
मथुरा
Mob. 9311186250
BGH PRIVATE ITI
पैगाँव – विशम्भरा रोड, ग्राम पैगाँव (मथुरा)


आप सभी नगरवासियों को
श्रीराम भरत मिलाप मेला
शुभ दीपावली
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
वेदप्रकाश गोयल (वेदी)
पूर्व अध्यक्ष
श्री कोसीकलाँ अग्रवाल सभा, कोसीकलाँ
रजत गोयल



नरसी विलेज में पहली बार सजा दशहरा कार्निवल का भव्य मेला

यूनिक समय, कोसीकलां। नरसी विलेज युवा मंडल और नरसी ग्रुप के विशेष सहयोग से नरसी विलेज कॉलोनी स्थित मैरिज होम बड़ा पार्क में प्रथम बार भव्य नरसी विलेज दशहरा कार्निवल का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ विजयदशमी के प्रतीक रावण दहन के साथ हुआ। रावण के पुतले के दहन होते ही पूरा पंडाल जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। कार्निवल में डांडिया धमाल (गरबा) विशेष आकर्षण रहा, जिसमें महिलाओं और युवाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों के लिए आयोजित रामायण आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्नों ने श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी के रूप में प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। सर्वश्रेष्ठ डांडिया पोशाक और फैंसी ड्रेस प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, रामायण प्रसंग का सूक्ष्म मंचन, अतिथि-वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले-बच्चों की दुनिया और सभी आगंतुकों के लिए चटपटी चाट-प्रतिभोज की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर हरीओम गुप्ता, डा. अमर सिंह पौनिया, आर एन भारद्वाज, पवन गोयल, आशू गोयल आदि उपस्थित थे।

प्रभु श्रीराम ने किया अहंकारी रावण का वध

मैदान में उमडा जनसैलाब लगे जयश्रीराम के जयकारे

यूनिक समय, कोसीकलां। नवीन अनाज मंडी में बुधवार को असत्य पर सत्य की जीत विजयादशमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। राम और रावण युद्ध में असत्य की पराजय हुई। मर्यादा पुरुषोत्तम राम के अग्निबाण से रावण दहन के दौरान वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष से गुंज उठा।

शाम छह बजे लक्ष्मीनारायण मंदिर तालाबशाही से राम लक्ष्मण की रणभेष की सवारी निकाली गयी। सवारी नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई नवीन अनाज मंडी स्थल पहुंची। यहां नवीन अनाज मंडी मैदान में शाम सात बजे से कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामलीला का मंचन हुआ। राम, रावण पक्ष की सेनाओं का युद्ध समाप्त होते ही रात आठ बजे रावण के विशालकाय 70 फुट के पुतले में आग लगी, तो मेला मैदान पर मौजूद भीड का आतिशबाजी के साथ रावण दहन के बीच मेला रोमांच दोगुना हो गया। धूम-धडाके, शानदार आतिशबाजी के साथ रावण दहन के बीच मेला मैदान में जय श्रीराम के जयकारों से गूंजता रहा और इस तरह एक बार फिर बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ ही अनाचार पर सदाचार की विजय और असत्य पर सत्य की जीत हुई। मैदान में ट्रैक्टर-ट्रॉली की सवारी कर आमजन मानस ने राम रावण का युद्ध देखा। मैदान में अच्छी खासी भीड रही। मैदान में बडी संख्या में ठेले स्टॉल लगे रहे, जहां बच्चों ने खिलौनों की जमकर खरीदारी की। मेले में भीड को कंट्रोल करने के लिए एसपी देहात आलोक राज, एसडीएम अखिलेश कुमार, सीओ छाता वैभव गुप्ता, थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश सिंह, कस्बा चौकी इंचार्ज दुष्यंत कौशिक भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।










समस्त क्षेत्रवासियों को
श्रीराम भरत मिलाप मेला
शुभ दीपावली
की
हार्दिक शुभकामनाऐं
डा. अमरसिंह पौनिया
बृजक्षेत्र उपाध्यक्ष - भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा
81, छाता विधान सभा
डॉ. बीना पौनियां
M.Sc., B.ed.
के.के पौनियां क्लीनिक नन्दगाँव रोड, कोसीकलाँ

आवत देखि लोग सब कृपासिंधु भगवान नगर निकट प्रभु प्रेरेउ उतरेउ भूमि विमान



आप सभी नगर व क्षेत्र वासियों को

श्रीराम भरतमिलाप मेला

शुभ दीपावली

की

हार्दिक

शुभकामनाऐं



मा. चौधरी लक्ष्मी नारायण

कैबिनेट मंत्री, उ.प्र. सरकार





नरदेव चौधरी

प्रदेश मंत्री : भाजपा किसान मोर्चा, उ.प्र.

कैबिनेट मंत्री, प्रतिनिधि, उ.प्र. सरकार

नौ दिन बेटी बनकर रहीं, आज विदाई पर छलकी हर आंख

यूनिक समय, कोसीकलां। नौ दिन तक जो मां पंडाल में बेटी बनकर बैठी रहीं, जिसने हर भक्त के दुख सुने, हर मुराद पूरी की, आज उसी मां को विदा करते समय पूरा नगर रो पड़ा। शारदीय नवरात्रि के पूर्ण होते ही पंडालों में बैठी मां दुर्गा को भक्तों ने नम आंखों, भारी मन और अटूट आस्था के साथ विदाई दी।

बीते नौ दिनों से पंडाल मां का मायका बना हुआ था। सुबह की आरती से लेकर देर रात के जागरण तक, भक्तों ने मां को एक पल भी अकेला नहीं छोड़ा। किसी ने अपनी मनोकामना का दिया जलाया, तो किसी ने नंगे पैर रहकर मां की चौकी भरी। हर भक्त ने मां को अपनी बेटी, अपनी बहन, अपनी मां मानकर पूजा।

आज जब अंतिम आरती का समय आया तो पंडाल में सन्नाटा छा गया। पुजारी के घंटा बजाते ही महिलाओं का सब्र टूट गया। किसी ने मां के चरण पकड़ लिए, तो कोई लिपट कर रोने लगा। महिलाओं ने रोते हुए मां का

मां जा रही हो, फिर कब आओगी

श्रृंगार किया, उन्हें मेहंदी लगाई, सिंदूर खेला और चुनरी ओढ़ाई। हर कोई यही कह रहा था कि मां जा रही हो, फिर कब आओगी। विसर्जन के समय दृश्य ऐसा था कि ढोल तो बज रहे थे, लेकिन पैर थिरकने के साथ-साथ आंखें भी रो रही थीं। भक्त एक तरफ अगले बरस तू जल्दी आ चिल्ला रहे थे, तो दूसरी तरफ उनकी आंखों से आंसू बह रहे थे। नौ दिन की भक्ति आज भावुकता में बदल गई। ऐसा लगा जैसे घर की बेटी ससुराल जा रही हो। पंडाल अब सूना हो गया है, लेकिन हर भक्त के मन में बस एक ही आस है कि मां अगले बरस फिर से इसी आस्था और प्यार के साथ हमारे बीच आएंगी।



काली मेले में पुलिस बनी भक्तों की ढाल

यूनिक समय, कोसीकलां। नगर के ऐतिहासिक काली मेले में इस बार पुलिस की मुस्तैदी की हर तरफ सराहना हो रही है। पुलिस ने न सिर्फ मेले को शांतिपूर्ण संपन्न कराया, बल्कि भक्तों की सुरक्षा की ढाल बनकर खड़ी रही।

मेले में हुड़दंग मचाने और आपस में मारपीट कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे करीब एक दर्जन युवकों को पुलिस ने तुरंत

एक दर्जन हुड़दंगियों को सिखाया सबक

दबोच लिया। शांति भंग करने के आरोप में सभी को पकड़कर थाने भेज दिया गया। पुलिस की इस फुर्तीली कार्रवाई से मेले में आए लाखों श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली। पुलिस की नजर पूरे मेले पर बाज की तरह टिकी रही। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात था। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच किसी भी हुड़दंगी की एक नहीं चली। रात 12 बजे से सुबह छह बजे तक मां काली की सवारी के पूरे रूट पर पुलिस ने घेरा बनाकर भक्तों को सुरक्षित दर्शन कराए। भक्तों ने कहा कि इतनी भारी भीड़ के बावजूद पुलिस ने जिस तरह व्यवस्था संभाली, वह काबिले तारीफ है।










वृंदावन में 'हमारे राम' के मंचन ने छोड़ी अमिट छाप



स्वीटी बाय एमआर ग्रुप की ओर से आयोजित आशुतोष राणा द्वारा हमारे राम मंचन के दौरान दर्शकों को संबोधित करते ग्रुप के चेयरमैन सुनील कुमार अग्रवाल साथ हैं मैनेजिंग डायरेक्टर लव बंसल, नंदनी बंसल, रजनी अग्रवाल।

सुरेश चंद्र अग्रवाल की 75वीं जयंती पर बायोपिक ने किया भावुक, आशुतोष राणा के अभिनय ने जीता दिल

यूनिक समय, वृंदावन। स्वर्गीय सुरेश चंद्र अग्रवाल की 75वीं जन्म जयंती पर स्वामी हरिदास ऑडिटोरियम स्थित गीता शोध संस्थान में आयोजित सांस्कृतिक संध्या श्रद्धा, स्मृतियों और भक्ति से सराबोर रही। स्वीटी बाय एम.आर. ग्रुप की ओर से आयोजित कार्यक्रम में नाट्य प्रस्तुति 'हमारे राम' ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, सुरेश चंद्र अग्रवाल के जीवन पर आधारित बायोपिक ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उनकी धर्मपत्नी रजनी अग्रवाल, पुत्र सुनील कुमार अग्रवाल, पौत्र लव कुमार बंसल, छोटे भाई बनवारी लाल अग्रवाल और उनकी पत्नी लता अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। एम.आर. ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर लव कुमार बंसल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने दादाजी के संघर्ष, सादगी, कर्मठता और पारिवारिक संस्कारों को याद किया।

इसके बाद प्रदर्शित करीब 15 मिनट की बायोपिक में स्वर्गीय सुरेश चंद्र अग्रवाल की संघर्ष से सफलता तक की यात्रा दिखाई गई। उनके जीवन के प्रसंगों और पारिवारिक स्मृतियों ने दर्शकों को भावुक कर दिया।

फेलिसिटी थिएटर की प्रस्तुति 'हमारे राम' में अभिनेता आशुतोष राणा ने रावण के चरित्र को सशक्त संवाद अदायगी और प्रभावशाली अभिनय से जीवंत किया। राहुल आर. भूचर ने भगवान श्रीराम के रूप में मर्यादा, करुणा और त्याग को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। तरुण खन्ना सहित अन्य कलाकारों के अभिनय, भव्य मंच सज्जा, संगीत और प्रकाश व्यवस्था ने प्रस्तुति को आकर्षक बनाया।

जयपुर और दिल्ली के कारीगरों की सजावट, अतिथियों के स्वागत–सत्कार की भी सराहना हुई। कार्यक्रम में जीएलए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल, रविकांत गर्ग, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, कपिल गुप्ता, तुषार अग्रवाल, श्रीनिवास, मयंक गोयल, आदित्य गोस्वामी, विवेक अग्रवाल, दीपक अग्रवाल और सचिन अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

समापन पर एम.आर. ग्रुप के चेयरमैन सुनील कुमार अग्रवाल ने कलाकारों, संतों, अतिथियों और सहयोगियों का आभार जताया। आयोजन में विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष कन्हैयालाल अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। यह संध्या संस्थापक की स्मृतियों, पारिवारिक संस्कारों और भगवान श्रीराम के आदर्शों को समर्पित रही।

JAIGURUDEV MULTISPECIALITY HOSPITAL
मथुरा में सबसे कम दरों पर समस्त स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ उपलब्ध
हमारी टीम के अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टर
डॉ. अनिल कुमार गौतम — M.B.B.S, M.D., MEDICINE (CONSULTANT PHYSICIAN)
डॉ. दुर्गेश कुमार — M.B.B.S, D.N.B., ORTHO-SUR. JOINT REPLACEMENT
डॉ. वी. के. पांडे — M.B.B.S. M.S. Ortho
डॉ. संदीप गोवर्धन चौहान — M.B.B.S, D.N.B., NEURO SURGEON
डॉ. इला अग्रवाल — M.B.B.S. M.S. Ortho
डॉ. एकता थडानी — M.B.B.S., DNB. (OBGY)
डॉ. सी. एम. मवार — M.B.B.S. DVD. MIADVI
डॉ. नितेश जिंदल — MBBS, MD, MEDICINE
डॉ. नरेश अग्रवाल — M.B.B.S., D.C.H
डॉ. अर्पण मौर्य — M.B.B.S., M.S. (SURGERY) F.M.A.S F.I.A.G.E.S GERASER SURGO &
डॉ. मनदीप यादव — D.P.T B.P.T
डॉ. चेतना अग्रवाल — B.D.S., MIDA
डॉ. हरि प्रसाद — (B.H.M.S) CONSULTANT HOMOEOPATH
डॉ. एम. माहेश्वरी — M.B.B.S. (MS) OPTHOLMALOGY
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत ₹ 5 लाख तक का नि:शुल्क उपचार
आयुष्मान कार्ड धारकों का स्वागत है
आपातकालीन मो.नं. 7078877006 8650777901, 8953925593
Maholi Link Road, Mathura (U.P.)

गौशालाओं की अव्यवस्थाओं पर सख्त हुए रमाकांत उपाध्याय

गौ सेवा आयोग के सदस्य ने पीलुआ सादिकपुर में गंदगी मिलने पर तत्काल सुधार के दिए निर्देश

यूनिक समय, फरह। गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने पीलुआ सादिकपुर और बरारी स्थित गौशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पीलुआ सादिकपुर गौशाला में गंदगी मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोवंश के लिए चारा, पानी, हरा चारा, चोकर और साफ–सफाई की व्यवस्था देखी। उन्होंने कहा कि गोवंश की देखभाल में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सभी गौशालाओं में पर्याप्त चारा, स्वच्छ पेयजल और नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।


अभिलेखों की जांच करते गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय।

रमाकांत उपाध्याय ने पशु चिकित्सकों और गौशाला कर्मचारियों को बीमार व कमजोर गोवंश के उपचार और देखभाल पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं का संचालन केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि वहां संरक्षित प्रत्येक गोवंश को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी कर कमियों को दूर किया जाए। निरीक्षण का उद्देश्य गोवंश को स्वच्छ, सुरक्षित और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना है।

गद्दा फैक्ट्री में भीषण आग, लाखों का नुकसान

यूनिक समय, मथुरा। मथुरा के जमुनापार क्षेत्र में मंगलवार रात राया रोड स्थित गद्दा फैक्ट्री में भीषण आग लगने से अफरा–तफरी मच गई। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार देखकर आसपास के लोग दहशत में आ गए। सूचना पर पहुंची चार दमकल गाड़ियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग रात करीब नौ बजे लगी। इसकी चपेट में आकर तैयार और अधबने गद्दे तथा एक बाइक जल गई। लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है।आग से फैक्ट्री में रखा सामान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद फैक्ट्री मालिक की तबीयत बिगड़ गई और बेहोश होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। दमकल विभाग के एसआई किशनलाल के अनुसार, मांट से एक और भूतेश्वर कंट्रोल रूम से तीन दमकल गाड़ियां भेजी गई थीं।

डायट में खेल आधारित प्रशिक्षण 'स्पर्धा' शुरू, 100 शिक्षक ले रहे हिस्सा

यूनिक समय, मथुरा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में खेल आधारित प्रशिक्षण 'स्पर्धा' का शुभारंभ वरिष्ठ प्रवक्ता-प्रशिक्षण प्रभारी जमुना प्रसाद सुमन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि खेल शिक्षक-शिक्षिकाओं में आत्मानुशासन का परिचायक है। खेल जीवन की महत्वपूर्ण विधा है, जिसका लाभ मैदान में उठाया जा सकता है।

प्रशिक्षण सह प्रभारी हरेश सिंह ने बताया कि बेसिक और माध्यमिक शिक्षा के 100 शारीरिक शिक्षा शिक्षक-शिक्षिकाएं तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहे हैं। इसमें खेल से संबंधित 18 सत्र होंगे। पहले दिन खेल संस्कृति, खेलों का वर्गीकरण, मैदान निर्माण-मापन, खेल प्रबंधन, तकनीक और शारीरिक दक्षता विकास जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। संदर्भदाता हरेश सिंह, डॉ. पदम सिंह, रजत चौधरी और मनोज रावत ने सत्र लिए। आगामी सत्रों में डॉ. कुलविंदर बग्गा, डॉ. मंजू दलाल, डॉ. दलवीर सिंह, शिव दीक्षित, प्रवीण, नरेंद्र कुमार पांडेय, सीमा शर्मा, देशराज सिंह, सुमित मल्होत्रा और देवकांत शर्मा प्रशिक्षण देंगे। डीएलएड प्रशिक्षु अखिल कुमार, महेंद्र सिंह, अभय कुमार, करिश्मा शर्मा, कनिष्का, प्रिन्सी और सोनिया ने सहयोग किया।

दिव्यांग बच्चों ने किया सूर सरोवर का भ्रमण

बीएसए रतन कीर्ति ने बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

यूनिक समय, मथुरा। समग्र शिक्षा के समेकित शिक्षा कार्यक्रम के तहत बुधवार को परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को कीठम स्थित सूर सरोवर का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। बीएसए रतन कीर्ति ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण को लेकर बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दिया।

बीएसए ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे उन्हें कक्षा में सीखी गई बातों को वास्तविक जीवन से जोड़कर समझने और नई जानकारियां हासिल करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों को भी अन्य बच्चों की तरह सीखने, घूमने और गतिविधियों में भाग लेने के समान अवसर मिलने चाहिए। ऐसे आयोजन उनके आत्मविश्वास के साथ मानसिक और सामाजिक विकास को भी बढ़ावा देते हैं। भ्रमण के दौरान बच्चों ने प्राकृतिक वातावरण को करीब से जानने का अवसर पाया।

अधिकारियों के आश्वासन पर मिठ्ठोली में धरना स्थगित

यूनिक समय, नौहझील। क्षेत्र के गांव मिठ्ठोली में किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का धरना बुधवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के आश्वासन पर स्थगित कर दिया गया। किसान नेताओं ने मांगें पूरी नहीं होने पर दोबारा बड़े आंदोलन की चेतावनी दी।

84,816 अभ्यर्थियों की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने कसी कमर

परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल रहेगा तैनात, अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए बनेंगे सहायता केंद्र

यूनिक समय, मथुरा। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित होने वाली परीक्षाओं में शामिल होने के लिए 84,816 अभ्यर्थी पहुंचेंगे। इसे देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के साथ अभ्यर्थियों की सुविधाओं को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में परेशानी न हो, इसके लिए पुलिस सहायता केंद्र बनाए जाएंगे। साथ ही परिवहन, खानपान और ठहरने की व्यवस्थाओं पर भी नजर रखी जाएगी।

एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों की मदद के लिए विभिन्न स्थानों पर पुलिस सहायता केंद्र बनाए जाएंगे। यहां तैनात पुलिसकर्मी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने का रास्ता बताएंगे और जरूरत पड़ने पर उनकी सहायता करेंगे। परीक्षा के दिन शहर में चलने वाले टेंपो और ई-रिक्शा के किराये पर भी नजर रखी जाएगी। अभ्यर्थियों से निर्धारित किराये से अधिक वसूली की शिकायत मिलने पर संबंधित वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि डीएम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को बाजारों में बिकने वाली खाद्य सामग्री की जांच करने और नमूने लेने के निर्देश दिए हैं। यह सुनिश्चित करना है कि बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को बासी या खराब खाद्य सामग्री न मिले। नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। होटल और गेस्ट हाउस संचालकों को भी निर्धारित किराये से अधिक वसूली नहीं करने के निर्देश दिए जाएंगे, ताकि परीक्षा देने आने वाले अभ्यर्थियों को ठहरने में परेशानी न हो। इसके अलावा अभ्यर्थियों को समय से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए एआरएम के माध्यम से बसों की व्यवस्था भी कराई गई है।

एसपी सिटी ने बताया कि परीक्षा केंद्रों और उनके आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। पुलिस की निगरानी के साथ परिवहन और अन्य व्यवस्थाओं पर भी ध्यान दिया जाएगा, जिससे परीक्षा के दौरान सुरक्षा बनी रहे और बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

कहीं कन्या–लांगुरों का इंतजार, कहीं भोजन की होड़

यूनिक समय, मथुरा। नवरात्र की नवमी पर बुधवार को घरों में कन्या पूजन की धूम रही। सुबह से ही हलवा-पूड़ी और पकवान तैयार कर थालियां सजाई गईं। कहीं कन्या–लांगुरों के पहुंचने का इंतजार होता रहा, तो कहीं उन्हें भोजन कराने की होड़ दिखाई दी। कन्याओं की कमी के चलते कई परिवारों को देर तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। मान- मनुहार का दौर भी चला।

परंपरानुसार कन्याओं और लांगुरों को भोजन कराने के बाद लोगों ने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया और रुपये व उपहार देकर विदा किया। वहीं, कन्या–लांगुर बने बच्चों के लिए भी नवमी खुशियां और सम्मान लेकर आई।


संविका गर्ग


तिथि गर्ग


रिद्धियांशी


पारस

कन्या संविका गर्ग ने बताया कि नवमी पर कई घरों में जाना पड़ता है। लोग प्यार से भोजन कराते हैं और पैर छूकर आशीर्वाद लेते हैं। हर घर में भोजन मिलने के कारण थोड़ा–थोड़ा खाना पड़ता है, लेकिन कन्या बनकर भोजन करने में अच्छा लगता है।

तिथि गर्ग ने बताया कि वह बचपन से इस परंपरा में शामिल होती आ रही हैं। भोजन के साथ रुपये और उपहार मिलते हैं, इसलिए हर साल नवमी का इंतजार रहता है।

रिद्धियांशी ने कहा कि घर–घर जाकर भोजन करना और लोगों से सम्मान पाना अच्छा लगता है, हालांकि एक दिन में कई जगह जाने के कारण हर घर में थोड़ा ही खाना पड़ता है।

लांगुर बने पारस ने बताया कि नवमी पर लांगुर बनने का बेसब्री से इंतजार रहता है।

एक ही दिन में 10 से 15 घरों में जाना पड़ता है। लोग आग्रह कर भोजन कराते हैं, लेकिन इतने घरों में ज्यादा खाना मुश्किल हो जाता है।

चौक बाजार में भरत मिलाप चारों भाइयों का भावपूर्ण मिलन

यूनिक समय, मथुरा। श्री रामलीला सभा के तत्वावधान में चौक बाजार में भरत मिलाप लीला का भावपूर्ण मंचन हुआ। चित्रकूट से पुष्पक विमान में प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और जानकी की सवारी मसानी, कच्ची सड़क और गुड़हाई बाजार होते हुए चौक बाजार पहुंची। वहीं भरत और शत्रुघ्न की सवारी विकास मार्केट, होलीगेट, छत्ता बाजार, विश्राम बाजार और स्वामी घाट होते हुए पहुंची। यहां चारों भाइयों का मिलन देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

पुष्पक विमान से पहुंचे प्रभु श्रीराम, संतों ने उतारी आरती

मिलन के बाद श्रीराम, जानकी, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमानजी की सवारी डोरी बाजार, स्वामी घाट, छत्ता बाजार और होलीगेट होते हुए श्री रमण बिहारी मंदिर, कार्ष्णि आश्रम रंगेश्वर पहुंची। यहां कार्ष्णि गुरु शरणानंद महाराज और संतों ने स्वरूपों को प्रसाद ग्रहण कराया तथा आरती उतारी। इसके बाद सवारी कोतवाली रोड, भरतपुर गेट, घीया मंडी और मंडी रामदास होते हुए श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचकर संपन्न हुई।

इस अवसर पर गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी, रविकांत गर्ग, जयन्ती प्रसाद अग्रवाल, जुगल किशोर अग्रवाल, नंद किशोर अग्रवाल, मूलचंद गर्ग, प्रदीप सर्राफ पीके, विजय किरोड़ी, शैलेश अग्रवाल सर्राफ, अजय मास्टर, विनोद सर्राफ, पं. शशांक पाठक, नगेंद्र मोहन मित्तल, प्रदीप गोस्वामी, शैलेंद्र हकीम, संजय बिजली, पं. अमित भारद्वाज, सर्वेश शर्मा, हिमांशू सूतिया, अनूप टेंट, उमेश कुमार, मदन मोहन श्रीवास्तव, विष्णु शर्मा, रमेश किस्सो, अंकुर गर्ग और आनंद शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कल राम राज्याभिषेकः 22 अक्टूबर को रात्रि आठ बजे श्रीकृष्ण जन्मस्थान के लीला मंच पर श्रीराम राज्याभिषेक लीला का मंचन होगा।

धार्मिक नगरी में श्रद्धालुओं की जेब पर दुकानदारों की मार



दर्शन करने आए श्रद्धालु खानपान के दाम सुनकर हैरान

बरसाना से वृंदावन तक मनमानी वसूली की शिकायतों से नाराजगी

यूनिक समय, मथुरा। कान्हा की नगरी में श्रद्धा और आस्था लेकर आने वाले श्रद्धालुओं को अब दर्शन के साथ अपनी जेब का हिसाब भी लगाना पड़ रहा है। मथुरा, वृंदावन और बरसाना में खानपान की दुकानों पर मनमाने दाम वसूले जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। मंदिरों में दर्शन और धार्मिक स्थलों के भ्रमण के लिए आने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि दुकानों पर कीमतें सुनकर उनका बजट बिगड़ रहा है। धार्मिक यात्रा पर निकले लोगों को इस तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बरसाना में नाश्ता करने पहुंचे सोनीपत निवासी शिव सिंह को उस समय हैरानी हुई, जब नाश्ते के बाद दुकानदार ने कीमत बताई। शिव सिंह के मुताबिक, उन्हें अंदाजा नहीं था कि नाश्ते के इतने अधिक रुपये चुकाने पड़ेंगे। उनका कहना है कि धार्मिक स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को खानपान की दुकानों पर इस तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

जयपुर से आईं मीना देवी ने भी इस स्थिति पर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि दूर-दराज से श्रद्धा लेकर आने वाले लोगों को मंदिरों में दर्शन के बाद खानपान के लिए दुकानों का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में दुकानदारों को उचित दाम लेने चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं को असहज स्थिति का सामना न करना पड़े। मथुरा, वृंदावन और बरसाना में देशभर से श्रद्धालुओं का लगातार आवागमन होता है। यहां आने वाले लोग धार्मिक स्थलों की अच्छी यादें लेकर लौटना चाहते हैं, लेकिन खानपान की कीमतों को लेकर होने वाली परेशानी उनके अनुभव पर असर डाल सकती है। श्रद्धालुओं का कहना है कि दुकानों पर खाद्य पदार्थों की कीमतें स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होनी चाहिए और तय दरों के अनुरूप ही वसूली होनी चाहिए, ताकि आस्था की यात्रा के दौरान किसी को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

औरंगाबाद में 50 फुट के रावण का दहन, उमड़ा जनसैलाब



रावण दहन के दौरान मौजूद रामलीला समिति के पदाधिकारी।

यूनिक समय, मथुरा। औरंगाबाद में रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित दशहरा मेले में 50 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। हजारों लोगों ने मेले में पहुंचकर लीला मंचन देखा। चाट–पकौड़ी, खिलौनों की दुकानें और बच्चों के झूले आकर्षण का केंद्र रहे।

महामंत्री ताराचंद्र अग्रवाल ने बताया कि मेला कई वर्षों से आयोजित हो रहा है।

महानगर मीडिया प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा पिंटू ने कहा कि जिलेभर से लोग पहुंचे। आयोजन में नगर निगम, पुलिस और क्षेत्रवासियों का सहयोग रहा। इस अवसर पर अध्यक्ष नंदलाल उपाध्याय, संयोजक मनोज सिंघल, सलाहकार दर्शनपाल परिहार, कोषाध्यक्ष बालकृष्ण अग्रवाल, सचिव राजेश सैनी, संगठन मंत्री अनुज चौधरी, जसवंत सिंह कुशवाहा, किशन सैनी, डॉ. भागवत सैनी, पवन शर्मा, गुलबीर चौधरी, पार्षद बंटी सैनी, पार्षद प्रतिनिधि, तीर्थ पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रयागनाथ चतुर्वेदी, व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष अजय चतुर्वेदी, महामंत्री राजेश गोयल और कोषाध्यक्ष देवेंद्र मित्तल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

वृंदावन में भगवान जगन्नाथ सात दिन करेंगे प्रवास



कुंभ मेला क्षेत्र में विराजमान भगवान जगन्नाथ।

यूनिक समय, वृंदावन। धर्मनगरी में भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ मंडप में विराजमान हो गए हैं। महाप्रभु सात दिन तक यहां प्रवास करेंगे। इस दौरान श्रद्धालुओं को भगवान के 24 विशेष वेशों और झांकियों के दर्शन का अवसर मिलेगा। भगवान के विविध स्वरूपों में श्रीकृष्ण की लीलाओं, धार्मिक प्रसंगों और वैष्णव परंपराओं की झलक देखने को मिलेगी।

कुंभ क्षेत्र में चल रहे आयोजन में तड़त उत्तरी, सुनावेश सुवर्ण, बड़सिंहार, गजानन, चंदनलागि, वनभोजी, कालियदलन, प्रलंबासुर वध, राधा दामोदर, कृष्ण बलराम, हरिहर, वामन, लक्ष्मीनारायण, श्राद्ध, बांकचूड़ा, नागार्जुन, घोड़लागि, लक्ष्मी नृसिंह, नवांक, त्रिबिक्रम अदाकिया, मकर चौराशी, पद्म, गजोद्धारण और चाचेरि वेश की झांकियां सजाई गई हैं। सात दिवसीय प्रवास के दौरान इन झांकियों के माध्यम से भगवान के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन होंगे। महाप्रभु के आगमन से श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल है।

बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र संग विरजा मंडप में विराजे महाप्रभु, 24 झांकियां बनी आकर्षण

पुलिस चौकी के सामने भक्ति के नाम पर परोसी गई फूहड़ता

यूनिक समय, कोसीकलां। मंगलवार की रात काली मेले में आस्था और भक्ति के नाम पर जमकर फूहड़ता परोसे जाने का मामला सामने आया है। पुलिस चौकी के ठीक सामने लगे एक मंच के नीचे देर रात तक चले इस कार्यक्रम से न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची, बल्कि मुख्य मार्ग जाम हो गया, जिससे हजारों श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कस्बा पुलिस चौकी के ठीक सामने एक मंच लगाया गया था। बताते हैं कि मंच के नीचे देर रात तक भक्ति गानों के नाम पर फूहड़ गाने बजाए गए। इस दौरान किन्नरों द्वारा युवकों के साथ अश्लील डांस किया गया। आरोप है कि नशे में धुत कुछ लोगों द्वारा किन्नरों पर जमकर नोटों की बारिश की गई और खूब इनाम बटोरा गया। हैरानी की बात यह रही कि यह सब कस्बा पुलिस चौकी के ठीक सामने होता रहा, लेकिन किसी भी जिम्मेदार ने इसे रोकने का प्रयास नहीं किया। मंच लगने और डांस प्रोग्राम के कारण काली सवारी वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया।

मां काली की सवारी के दर्शन के लिए आई महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को निकलने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। भीड़ में फंसी महिलाओं को धक्का-मुक्की का भी सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि मौके पर मौजूद कई जागरूक लोगों और श्रद्धालुओं ने इस फूहड़ता और जाम का विरोध भी किया, लेकिन आयोजकों पर इसका कोई असर नहीं हुआ और उनकी एक नहीं चली। कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। स्थानीय श्रद्धालुओं ने इस मामले पर रोष व्यक्त किया है। लोगों का कहना है कि मां काली के पवित्र मेले में इस तरह के अश्लील डांस और मार्ग अवरुद्ध करने वाले आयोजनों पर रामलीला संस्थान को तत्काल रोक लगनी चाहिए।

बाजना में गूंजे श्रीराम के जयकारे, रावण का पुतला दहन



यूनिक समय, बाजना। कस्बे में विजयादशमी पर बुधवार को अधर्म पर धर्म की विजय का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। रामलीला मैदान में श्रीराम-रावण युद्ध के मंचन के बाद रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन हुआ तो वातावरण जय श्रीराम से गूंज उठा।

पिछले कई दिनों से चल रहे रामलीला महोत्सव में कलाकारों के अभिनय ने दर्शकों को भक्तिरस में सराबोर किया। आयोजन समिति के अनुसार, रावण दहन से पहले आतिशबाजी हुई। भगवान श्रीराम के अग्निबाण से रावण का वध होते ही मैदान जय श्रीराम से गूंज उठा। दशहरे पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए रामलीला समिति और स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए।

आदर्श वैली रेजिडेंशियल कॉलोनी का शुभारंभ, गूंजे जयकारे

यूनिक समय, कोसीकलां। नेशनल हाईवे–19 स्थित अमरसैन वाटिका के सामने स्थित एमवीडीए अप्रूव्ड आदर्श वैली रेजिडेंशियल कॉलोनी का शुभारंभ समारोह हर्षोल्लास और धार्मिक माहौल में हुआ।

बुधवार प्रातः 10 बजे आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में माधवदास महाराज (मौनी बाबा) और नंदगांव वाले डॉ. हरीमोहन गोस्वामी के पावन सानिध्य ने कार्यक्रम को दिव्य बना दिया। संतों ने अपने मुखारविंद से आदर्श वैली के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, बिल्डर, व्यापारी और बड़ी संख्या में



आदर्श वैली रेजिडेंशियल कॉलोनी के शुभारंभ कार्यक्रम में मौजूद कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, माधवदास महाराज और डॉ. हरीमोहन गोस्वामी आदि।

निवेशक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। मंच पर पूज्य संतों के साथ आदर्श वैली परिवार के प्रमुख सदस्य भी मौजूद रहे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि आदर्श वैली कॉलोनी आधुनिक सुविधाओं से लैस, एमवीडीए से अप्रूव्ड एक ऐसी रेजिडेंशियल कॉलोनी है जो आम आदमी के अपने घर के सपने को साकार करेगी। हाईवे से नजदीकी और सभी मूलभूत सुविधाओं के कारण यह निवेश के लिए भी उत्तम स्थान है। समारोह के अंत में सभी अतिथियों के लिए प्रसाद-जलपान की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी, चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल, जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय, कर्मवीर चौधरी, जयंती प्रसाद अग्रवाल, कमल किशोर वार्ष्णेय, संजीब जाबिया, देशबंधु अग्रवाल, दयाशंकर अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद आर्य, विष्णु शर्मा, सुभाष चंद बांसईया सहित सैकड़ों लोगों का मनीष गुप्ता गुड वाले, राहुल वर्मा, तेजपाल अग्रवाल ने स्वागत किया।

छाता के दंगल में महिला पहलवान पूनम ने मारी बाजी

यूनिक समय, छाता। कस्बा में चतुर्भुज दंगल कमेटी के तत्वावधान में कोतवाली के निकट मैदान पर भव्य कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। विभिन्न राज्यों से आए नामी पहलवानों ने अपने दांव-पेच और दमखम का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले देखने के लिए मैदान में खेलप्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी।

दंगल में कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण मुख्य अतिथि रहे। उनके प्रतिनिधि के रूप में नरदेव चौधरी पहुंचे। इसके अलावा मनोज फौजदार और महेंद्र सिंह का दंगल कमेटी के पदाधिकारियों-आयोजकों ने फूल-मालाएं पहनाकर और पगड़ी बांधकर स्वागत किया। दंगल में दूसरे राज्यों के अखाड़ों से आए पहलवानों के बीच कई रोमांचक मुकाबले हुए। पहलवानों ने अपने दमखम और कुश्ती के हुनर से दर्शकों को रोमांचित किया। महिला पहलवानों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दंगल की 31 हजार रुपये की कुश्ती पैगांव की महिला पहलवान पूनम ने जीतकर अपने नाम की। उनकी जीत पर दर्शकों ने तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर कुश्ती संघ के कमल किशोर वार्ष्णेय, फाल्गुन उर्फ कान्हा, बॉबी प्रधान, धर्मवीर प्रधान छैला, जीतू परसोत्तम चौधरी, सूरजपाल यदुवंशी, अर्जुन, मोहनश्याम चौधरी, सुरेंद्र एडवोकेट, जगदीश प्रधान, सुलेमान पहलवान, तनवीर आलम, झम्मन, राजू भार्गव, हरबंस और हरे कृष्ण चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

देवरिया में डबल मर्डर, आधी रात दो युवकों की चाकू से गोदकर हत्या

मेला देखकर घर लौट रहे थे दोनों युवक

सड़क किनारे खून से लथपथ मिले शव



यूनिक समय, देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में दो युवकों की निर्मम हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। मंगलवार देर रात मेला देखकर घर लौट रहे दोनों युवकों पर अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। वारदात में दोनों की मौत हो गई। रामजानकी मार्ग पर बढ़या हरदो गांव के पास उनके शव मिलने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने हत्यारों का पता लगाने के लिए तीन टीमें गठित की हैं। मृतकों की पहचान कर जहां गांव निवासी वकील यादव और इटहुरा हजाम टोला निवासी विनय यादव के रूप में हुई है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, दोनों मंगलवार शाम करीब सात बजे एक ही मोटरसाइकिल से मेला देखने के लिए घर से निकले थे। देर रात वे वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में उन पर हमला कर दिया गया। हमलावरों ने दोनों को संभलने का मौका दिए बिना धारदार हथियार से वार किए और मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी उस समय सामने आई, जब राहगीरों ने सड़क किनारे दोनों युवकों को खून से लथपथ हालत में पड़ा देखा। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। यूपी-112 के जरिए सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों युवकों की मौत हो चुकी थी। शुरुआती जानकारी के अनुसार, एक युवक का गला रेता गया था, जबकि दूसरे के पेट पर चाकू से वार किए गए थे। आसपास के इलाकों में भी जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि आरोपियों तक पहुंचा जा सके। दोनों युवकों की मौत की खबर मिलते ही उनके परिवारों में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कानपुर में रावण दहन से पहले फटा कार्बाइड सिलेंडर, 6 घायल






धरीपुरवा मेले में धमाके से मची अफरा-तफरी

दो साल की बच्ची भी घायल, गुब्बारा विक्रेता की हालत गंभीर

यूनिक समय, कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर में मंगलवार रात रावण दहन से पहले बड़ा हादसा हो गया। नौबस्ता थाना क्षेत्र के धरीपुरवा में दशहरा मेले के दौरान गुब्बारों में गैस भरने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा कार्बाइड सिलेंडर अचानक फट गया। धमाका इतना तेज था कि मेले में मौजूद लोगों में दहशत फैल गई और अफरा-तफरी मच गई। हादसे में दो साल की बच्ची समेत छह लोग घायल हो गए। घटना रात करीब 11:15 बजे की बताई जा रही है। उस समय मेले में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे और रावण दहन का इंतजार कर रहे थे। विस्फोट की चपेट में आने से गुब्बारा विक्रेता रामू उछलकर जमीन पर गिर पड़ा। घायलों में बच्ची रिद्धि, क्षमा दीक्षित, आकाश राजपूत और राजू भी शामिल हैं। पुलिसकर्मियों ने सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। रामू की हालत गंभीर होने पर उसे एलएलआर अस्पताल (हैलट) रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों का भी उपचार किया गया। हादसे की सूचना पर डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी, एसीपी नौबस्ता और विधायक महेश त्रिवेदी अस्पताल पहुंचे तथा घायलों का हाल जाना। पुलिस और अग्निशमन विभाग घटना की जांच कर रहे हैं। सिलेंडर में विस्फोट की वास्तविक वजह जांच के बाद स्पष्ट होगी।

शिवा को धमकी देती मॉडल श्रद्धा दुबे के 2 ऑडियो वायरल



बदनामी से नाराज होकर सबक सिखाने की कही बात

कारोबारी की मौत के मामले में आरोपी से पूछताछ जारी

यूनिक समय, लखनऊ। लखनऊ के कारोबारी शिवा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में आरोपी मॉडल श्रद्धा दुबे के दो कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इन रिकॉर्डिंग में श्रद्धा और शिवा के बीच विवाद, बदनामी को लेकर नाराजगी और धमकी भरी बातचीत सुनाई देने का दावा किया जा रहा है। पहले कथित ऑडियो में श्रद्धा शिवा पर अपनी छवि खराब करने का आरोप लगाती सुनाई देती है। वह कहती है कि शिवा ने उसे गाड़ी में घुमाकर बदनाम किया और अब वह उसे ऐसा सबक सिखाएगी, जिसे लोग याद रखेंगे। बातचीत में दोनों के बीच तनाव और रिश्ते में आई दूरी का भी जिक्र सुनाई देता है। दूसरे ऑडियो में श्रद्धा किसी व्यक्ति से अपने घर आने को कहती है। वह शिवा पर काम निकलने के बाद उसे नजरअंदाज करने और उसकी छवि खराब करने का आरोप लगाती है। बातचीत में वह नाराजगी जताते हुए उसे मारने की धमकी देती भी सुनाई देती है। इस मामले में श्रद्धा दुबे, उसकी बहन रश्मि दुबे और ड्राइवर दानिश को नागपुर से गिरफ्तार किए जाने की जानकारी सामने आई है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है और आगे की जांच के लिए उत्तर प्रदेश लाने की तैयारी है। हालांकि, वायरल ऑडियो की प्रामाणिकता और मामले में उनकी भूमिका की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। शिवा की मौत के मामले में जांच जारी है।

झांसी में छेड़छाड़ करने वाले युवक की युवती ने की धुनाई



अकेला देखकर स्कूटी सवार मनचले ने की हरकत, विरोध पर भागने लगा आरोपी

हाथ-पैर जोड़कर मांगी माफी

यूनिक समय, झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी में छेड़छाड़ से परेशान एक युवती ने आरोपी युवक को पकड़कर जमकर सबक सिखाया। घटना प्रेमनगर थाना क्षेत्र में मालगोदाम के पास रेलवे कॉलोनी क्रॉसिंग की है। युवती की बहादुरी का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली युवती मंगलवार को अपनी बहन को लेने स्कूटी से जा रही थी। इसी दौरान जब वह मालगोदाम के पास रेलवे कॉलोनी क्रॉसिंग पर पहुंची, तो स्कूटी सवार एक युवक ने कथित तौर पर उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। युवक की हरकत से घबराई युवती ने अपनी स्कूटी रोक दी और उसका विरोध किया। युवती के विरोध करने पर आरोपी वहां से भागने लगा। यह देखकर पीड़िता ने हिम्मत दिखाई और उसके पीछे दौड़ पड़ी। करीब 50 मीटर तक पीछा करने के बाद उसने आरोपी को पकड़ लिया और स्कूटी से नीचे गिरा दिया। इसके बाद युवती ने उसे लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद कुछ महिलाओं ने भी आरोपी को थप्पड़ मारे। इस दौरान वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई और कुछ लोग घटना का वीडियो बनाने लगे। खुद को घिरा देखकर आरोपी युवक हाथ-पैर जोड़कर युवती से माफी मांगने लगा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद मामला चर्चा में आ गया। प्रेमनगर थाना प्रभारी शेर सिंह ने बताया कि छेड़छाड़ के आरोपी को हिरासत में लिया गया है। उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

पीलीभीत में 13,150 वोटरों के नाम बदलने का कांग्रेस का दावा

मुस्लिम मतदाताओं के नाम और पिता के नाम में बदलाव का आरोप

चुनाव आयोग पर उठाए सवाल, मामले को लेकर कोर्ट जाएगी पार्टी



यूनिक समय, लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची को लेकर कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी का दावा है कि पीलीभीत सदर विधानसभा क्षेत्र में 13,150 मतदाताओं के एपिक नंबर समान हैं, लेकिन उनके नाम और पिता के नाम बदल दिए गए हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इनमें ज्यादातर मुस्लिम पुरुष मतदाता हैं। बुधवार को लखनऊ स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि 10 अप्रैल 2026 को अंतिम सूची जारी होने के बाद जुलाई से सितंबर के बीच बिना फॉर्म-6 या फॉर्म-7 के कई बदलाव किए गए। उन्होंने दावा किया कि मोहम्मद यूसुफ का नाम बदलकर असलम और कुछ अन्य मतदाताओं के नाम भी बदले गए। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि पीलीभीत सदर में 2,600 नए मतदाता जोड़े गए और 804 के नाम हटाए गए। कांग्रेस ने सॉफ्टवेयर के जरिए कथित गड़बड़ियों और जिला अधिकारियों को उसका एक्सेस नहीं मिलने पर सवाल उठाए। प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि पार्टी 25 अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी मतदाता सूची की जांच कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा ने घोषणा की कि कांग्रेस इस मामले को लेकर अदालत जाएगी। हालांकि, मतदाता सूची में कथित बदलावों को लेकर चुनाव आयोग का पक्ष इस खबर में सामने नहीं आया है।

कानपुर में तख्त पर सोने को लेकर विवाद, बड़े भाई ने की छोटे भाई की हत्या

दशहरा मेला देखकर लौटे थे दोनों भाई

नशे में हुई कहासुनी के बाद ईंट से सिर पर किया हमला सुबह छत पर मिला खून से लथपथ शव



यूनिक समय, कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर में तख्त पर सोने को लेकर हुए विवाद में बड़े भाई ने कथित तौर पर छोटे भाई की ईंट से हमला कर हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। बुधवार सुबह छत पर छोटे भाई का खून से लथपथ शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी बड़े भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली।

यह घटना दर्शनपुरवा इलाके की है। मृतक की पहचान 35 वर्षीय शिवकुमार उर्फ बल्लू कश्यप के रूप में हुई है। उसका बड़ा भाई सतीश उर्फ बच्ची पेंटिंग और पुताई का काम करता है, जबकि बल्लू फैब्रिकेटिंग का काम करता था। दोनों भाइयों के माता-पिता का निधन हो चुका है और उनकी पांच बहनों की शादी हो चुकी है। मृतक के चचेरे भाई वीरेंद्र कुमार कश्यप के मुताबिक, मंगलवार शाम दोनों भाई दशहरा का मेला देखने गए थे। देर रात घर लौटने के बाद दोनों कथित तौर पर नशे की हालत में थे। छत पर रखे एक ही तख्त पर सोने को लेकर उनके बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसी दौरान बड़े भाई ने ईंट से बल्लू के सिर पर कई वार कर दिए, जिससे उसकी मौत हो गई। बुधवार सुबह शव मिलने की सूचना पर पुलिस, एसीपी ज्योति श्री और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए और परिजनों से पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने शुरुआत में हत्या का आरोप दूसरे व्यक्ति पर लगाया था, लेकिन पूछताछ में उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। फिलहाल पुलिस मामले में कानूनी कार्रवाई कर रही है।

उन्नाव में पत्नी ने की दूसरे पति की हत्या, बक्से में भरकर फेंका शव

शराब और घरेलू विवाद को बताया वजह

पुलिस ने 12 घंटे में सुलझाया मामला



यूनिक समय, उन्नाव। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में दूसरे पति की हत्या कर शव बक्से में भरकर हाईवे किनारे फेंकने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घटना का करीब 12 घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी पत्नी नेहा और उसके सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। शुरुआती जांच में हत्या के पीछे घरेलू विवाद और मारपीट की बात सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, सदर कोतवाली क्षेत्र में लाल खेड़ा चौकी के पास देर रात एक संदिग्ध बक्सा मिला था। जांच करने पर उसमें करीब 27-28 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। मामले की जांच के लिए पांच टीमें गठित की गईं। सीसीटीवी फुटेज और लोडर की जानकारी के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची। जांच में पता चला कि बक्से को सड़क किनारे पहुंचाने के लिए लोडर बुक किया गया था। पुलिस के अनुसार, नेहा करीब आठ साल से सोनू के साथ रह रही थी। दोनों के बीच अक्सर विवाद और मारपीट होती थी।